PANCHSHEEL PUBLIC SCHOOL

10+2 Senior Secondary School (Affiliated & Recognized by CBSE)
Jaitpur, Badarpur, New Delhi-44

Sample paper Mid-Term Examination-2023-24

Time:	**Subject: HINDI**	**Class: 6th**	**M. Marks: 50**
Name……………………	**Roll No………….……**	**Section …….**	**Date:**

भाग क

प्रश्न-**1.** उपयुक्त गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनिए-(5)

स्वामी विवेकानंद जी का जन्म सन् 1863 ई० में हुआ। बचपन में उनका नाम नरेंद्रनाथ था। वे प्रारंभ से ही कुशाग्रबुद्धि थे। उन्होंने अंग्रेजी स्कूलों में शिक्षा पाई और सन् 1884 ई० में बी०ए० की डिग्री प्राप्त की। कुछ दिनों तक वे ब्रह्म समाज के शिष्य बनकर रहे। वे नित्य प्रार्थना में शामिल होते थे। वे बहुत ही मधुर आवाज़ में कीर्तन किया करते थे। ब्रह्म समाज के उपदेशों से जब उनका मन शांत न हुआ, तो वे इधर-उधर भटकने लगे। उन दिनों स्वामी रामकृष्ण परमहंस के प्रति लोगों की बड़ी श्रद्धा थी। नरेंद्रनाथ ने भी उनके सत्संग से लाभ उठाना प्रारंभ किया और धीरे-धीरे उनके उपदेशों से प्रभावित होकर उनकी भक्त मंडली में शामिल हो गए। उनकी गुरुभक्ति इस सीमा तक पहुँच गई कि कभी वे परमहंस जी की चर्चा करते तो एक-एक शब्द से श्रद्धा और सम्मान टपकता ।

(क) स्वामी विवेकानंद का बचपन में क्या नाम था ?

सुरेंद्रनाथ ( ) देवेंद्रनाथ ( ) नरेंद्रनाथ ( ) महेंद्रनाथ ( )

(ख) विवेकानंद जी का जन्म कब हुआ था ?

1868 ई० ( ) 1863 ई० ( ) 1861 ई० ( ) 1865 ई० ( )

(ग) विवेकानंद जी सबसे पहले किसके शिष्य थे ? ब्रह्म समाज ( ) आर्य समाज (रामकृष्ण मिशन ( ) सनातन धर्म ( )

(घ) इनमें से कौन-से शब्द विपरीतार्थक नहीं हैं?

गुरु-शिष्य ( ) कटु-मधुर ( ) सेवा-प्रार्थना ( ) न्यून-अधिक ( )

(ङ) ‘कुशाग्रबुद्धि’ शब्द का समानार्थी शब्द कौन-सा है ?

बुद्धिहीन ( ) तीव्र बुद्धि ( ) बुद्धू ( ) मूर्ख ( )

भाग ख

प्रश्न **-,1.**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए (4)

(क) प्रसन्नचित ,ख)आमदनी,

ग) पार्सल ,(घ) शिक्षित समाज

प्रश्न **-2.** उचित विकल्प पर सही का चिन्ह लगाएँ-(5)

(क) क्या रोज खाने से डॉक्टर के जरूरत नही पड़ती?

(1) आम

2) अनार

3) टमाटर

4) सेब

ख) पेड़ क्या नहीं लेना चाहता था?

1).मान-सम्मान

2) धन -संपदा

3) खाद- पानी

4) झूठा श्रेय

ग) पोस्टमैन क्या लाया था?

1)चिट्ठी

2) पार्सल

3) तार

4)मनीऑर्डर

घ) पेड़ किसकी हरियाली ओढ़े खड़ा है?

1)श्रेष्ठता की

2)अच्छाई की

3)विनम्रता की

4)झूठ की

ड) संजू को क्या बुरी आदत थी?

1) लालच करने की

2) बाहर का खाना खाने की

3) देर से उठने की

4) झूठ बोलने की

प्रश्न -**3.**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–(4×1=4)

क) लेखक के मन में साइकिल सीखने का ख्याल क्यों आया?

ख) 'अनहोनी को भांप उठा' -यहाँ कवि किसी अनहोनी की बात कर रहा है?

ग) अलार्म कब बजता था?

घ) दरवाजे पर संजू के कौन-कौन से दोस्त आए थे?

प्रश्न -**4.**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-(2∗2=4)

क) संजू को क्या मुसीबत थी? संजू ने अपने दोस्तों से झूठ क्यों कहा?

ख) साइकिल सीखने का स्कूल खोलने का निश्चय लेखक की किस मनोवृति का परिचायक है**?**

प्रश्न -5. दिए गए कविता की पंक्ति की व्याख्या करें। (3 अंक)

श्रेय देना हो तो दो,

मेरे पर को तलेन की मिट्टी को, जिसने न जाने कैसे मेरी जड़ों को, अपने गोद में संभाल कर रखा।

भाग-ग(व्याकरण)

1.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-(3×1=3)

क) कारक किसे कहते हैं?

ख) प्रत्यय के कितने भेद होते हैं नाम लिखो ?

ग) वचन किसे कहते हैं?

2 निर्देशानुसार कार्य करें।**(3×2=6)**

क) अत्याचार शब्द का उपसर्ग और मूल शब्द होगा-

1.अत्या+ आचार

2. अती+ आचार

3. अति+ आचार

4. अत् + आचार

ख) कौन से शब्द में 'आहट' प्रत्यय नहीं लगा है -

1.मुस्कुराहट

2.घबराहट

3.बनावट

4.चिल्लाहट

(ग)संज्ञा के भेद के नाम बताओ।

लालकिला = _________ सुंदरता = __________

(घ)एकवचन के बहुवचन लिखिए:- तितली- _________

रात- __________

3. शब्द भंडार कीजिए। **(6** अंक)

क) विलोम शब्द:- घृणा –

ख) अनेकार्थक शब्द:- तीर –

ग) वाक्यांश के लिए एक शब्द- जल में निवास करने वाला -

घ) पर्यायवाची शब्द:- गंगा –

ड) भिन्नार्थक शब्द :-

चालक - चालक -

भाग-घ

क) निम्नलिखित विषयों पर निबंध लिखिए(कोई एक) (5)

1. गणतंत्र दिवस (26 जनवरी)
2. स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त)

3. मनोरंजन के साधन

ख) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए (5)

1. अपने मित्र को विद्यालय में हुए बाल मेले का वर्णन करते हुए पत्र।

2. अनुचित व्यवहार के लिए प्रधानाचार्य से क्षमा याचना करते हुए प्रार्थना पत्र।